झारखण्ड लोक सेवा आयोग
सर्कुलर रोड, राँची–834001

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड पशुपालन सेवा के पशुचिकित्सक (बेसिक ग्रेड) के पद पर नियमित नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या–04/2021) के संबंध में आवश्यक सूचना।

दिनांक–18.11.2022 को आयोग द्वारा निर्गत प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से झारखण्ड पशुपालन सेवा के पशुचिकित्सक (बेसिक ग्रेड) के पद पर नियमित नियुक्ति परीक्षा के लिए प्रकाशित विज्ञापन संख्या–04/2021 के आवेदकों को दिनांक–02.12.2022 तक ऑनलाईन आवेदन में किये गये दावे के अनुरूप प्रमाण–पत्रों/अन्य वांछित अभिलेखों की स्वअभिप्रमाणित प्रति अनिवार्य रूप से समर्पित करने का निदेश दिया गया था। उक्त निदेश के उपरान्त भी कतिपय आवेदकों द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्दर वांछित अभिलेख समर्पित नहीं किये गये अथवा अधूरे अभिलेख/अप्रासंगिक अभिलेख समर्पित किये गये।

2. सम्यक् विचारोपरान्त आयोग द्वारा पुनः ऐसे आवेदकों को दिनांक–05.06.2023, संध्या–05:00 बजे तक निम्नलिखित वांछित प्रमाण–पत्रों/अभिलेखों की स्वअभिप्रमाणित प्रति आयोग कार्यालय में समर्पित करने का अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है :–

- (i) भरे हुए ऑनलाईन आवेदन की मुद्रित प्रति।
- (ii) मैट्रिक प्रमाण–पत्र एवं अंक पत्र की छायाप्रति।
- (iii) इंटरमीडिएट प्रमाण–पत्र एवं अंक पत्र की छायाप्रति।
- (iv) पशुचिकित्सा विज्ञान में स्नातक (बी0भी0एस0सी0 एवं ए0एच0) की उपाधि प्रमाण–पत्र एवं अंक पत्र (सभी सेमेस्टरों का) की छायाप्रति।
- (v) भारतीय पशुचिकित्सा परिषद् या झारखण्ड राज्य पशुचिकित्सा परिषद् से निबंधन प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
- (vi) जाति प्रमाण–पत्र (विहित प्रपत्र में)/E.W.S. प्रमाण–पत्र (विहित प्रपत्र में) की छायाप्रति (जहाँ लागू हो)।
- (vii) मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की छायाप्रति (जहाँ लागू हो)।
- (viii) अनापत्ति प्रमाण–पत्र (जहाँ लागू हो)।
- (ix) स्थानीय निवास प्रमाण–पत्र (विहित प्रपत्र में) की छायाप्रति (क्षैतिज आरक्षण का दावा करने हेतु केवल झारखण्ड के स्थानीय निवासियों के लिए)।

3. ऐसे आवेदक वांछित अभिलेख एक सीलबंद लिफाफे में **"परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, सर्कुलर रोड, राँची, 834001"** के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/हाथों–हाथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। लिफाफे के उपर **विज्ञापन संख्या–04/2021** तथा परीक्षा का नाम यथा–''**पशुचिकित्सक (बेसिक ग्रेड) नियमित नियुक्ति परीक्षा**'' मोटे (Bold) अक्षरों में अंकित किया जाना अनिवार्य है।

4. यदि डाक सेवा में विलम्ब के कारण किसी अभ्यर्थी का आवेदन पत्र (वांछित प्रमाण–पत्र सहित) आयोग कार्यालय में निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होगा, तो वैसे आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जायेगा। इसके लिए आयोग कतई जिम्मेदार नहीं होगा।

5. विज्ञापन की शेष सभी शर्तें यथावत् रहेंगी।

6. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट पर **www.jpsc.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।